हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों से अध्ययन व शिक्षकों से अध्यापन की ली जानकारी



12 फड़ों में संग्राहकों का हुआ स्वागत





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा होगी 3 मई को

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर की सामान्य सभा की बैठक 3 मई को मध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### एकल अभियान का सेवाव्रती सम्मान कार्यक्रम होगा आज

**जगदलपुर।** एकल अभियान के द्वारा शनिवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में कार्यक्रम होगा। सेवाव्रती सम्मान कार्यक्रम में अलग अलग क्षेत्र के मेहतनकश लोग मौजूद रहेंगे।

### दुर्लभ प्रवचन 3 से 9 मई तक रोटरी भवन में होगा

**जगदलपुर।** माहेश्वरी समाज, रोटरी क्लब और बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित दुर्लभ प्रवचन कार्यक्रम 3 से 9 मई तक रोटरी भवन में होगा। उत्तराखण्ड के ऋषिकेश से स्वामी डा. आनंद गिरी महाराज प्रतिदिन सम्बोधन देंगे। रोजाना सुबह 5 से 6:30 और शाम 4 से 7 बजे तक दुर्लभ प्रवजन होगा।

### संपत्ति खरीदने वालों को नहीं होगी परेशानी

**जगदलपुर।** वरिष्ठ उप पंजीयक मुकेश कुमार अजापाल ने बताया कि राज्य में दशकों से यह व्यवस्था बनी हुई थी कि अगर कोई व्यक्ति जमीन, मकान या अन्य कोई संपत्ति खरीदता है तो उसका पंजीयन रजिस्ट्री दफ्तर यानी पंजीयन कार्यालय में किया जाता है। यहां तक की प्रक्रिया आसान है, लेकिन पंजीयन के बाद भी संपत्ति खरीदने वाला मालिक तब तक नहीं बनता है, जब तक उसके नाम पर संपत्ति का नामांतरण या प्रमाणी करण न हो। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद संपत्ति खरीदने वालों को मालिक बनने में देर नहीं लगेगी, क्योंकि पंजीयन होने के बाद ही रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार नामांतरण कर सकेंगे, सरकार ने उन्हें ये अधिकार दे दिया है।

### नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई

**जगदलपुर।** निगम अमला अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाया है। शहर के मेन रोड, संजय बाजार, गोल बाजार के व्यापारियों को सड़क के ऊपर सामग्री को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम अमले द्वारा व्यापारियों को समझाइश दी गई है। इसके पश्चात भी यदि अतिक्रमण किया गया तो सामान जब्ती एवं चालानी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व निरीक्षक राकेश यादव ने बताया यह अभियान लगातार जारी रहेगा। व्यापारियों से अपील की है कि वे नाली के ऊपर किसी प्रकार का सामान ना रखें । अन्यथा जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी जिसकी जवाबदारी स्वंय दुकान के संचालक की होगी। रोड के किनारे दुपहिया वाहनों को कतारबद्ध पीली पट्टी के भीतर खड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं

# सुशासन तिहार में 1600 लोगों ने मांगे ड्रायविंग लायसेंस, महिला को चाहिए बस और परमिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार में जहां एक ओर शासन की योजनाएं जनता तक पहुंच रही हैं। सुशासन तिहार में जनता से सुझाव मांगे गए हैं, जिसमें लोग अपने विचार भी बता रहे हैं।


बस्तानार निवासी गृहणी लक्ष्मी पुजारी ने बस मांग की है। साथ ही दो सड़कों में बस के लिए परमिट की मांग पर अर्जी डाली। उसने मार्ग कापानार से जगदलपुर व्हाया-बोधेनार, ईरपा, बास्तानार, मूतनपाल, तुकांजूर, किलेपाल के आम जनता को तहसील मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय से दूरी लगभग 125 किमी आना-जाना करने बस संचालन के लिए और नानगुर, कवाली, नेतानार, कोलेंग, चिदगुर तुलसी तक बस सचालन हेतु अनुमति एवं परमिट मांगी गई। इस पर आरटीओ ने इस आवेदन को मुख्यालय भेज दिया। साथ ही बस मांगने के आवेदन को वित्त विभाग को भेज दिया गया है। इसके अलावा 1600 लोगों ने ड्रायविंग लायसेंस मांगे।

## आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिए मांगा, जनता से सुझाव भी मांगे गए हैं



### आर्थिक रूप से मजबूत होने दिया आवेदन

लक्ष्मी पुजारी के पति मनोज कुमार पुजारी ने बताया कि परिवार की आर्थिक रूप मजबूत होने के लिए सुशासन तिहार में बस एवं उसके लिए परमिट मांगने आवेदन दिया। उसने बताया कि दोनों सड़कों में एक भी बस नहीं चल रही है, बस चलने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी।



## राहत : जल संसाधन मंत्री के निर्देश पर विभाग ने की कार्रवाई

# कुम्हरावण्ड एनीकेट के 3 गेट खोलने से खेतों में पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इन्द्रावती सूखने से बस्तर में सिंचाई सुविधा प्रभावित हुई और इन्द्रावती नदी किनारे बसे दो दर्जन से अधिक गांव में इस वर्ष कई एकड़ फसल बर्बाद होने की बात प्रभावित सैकड़ों किसानों ने लिखित में जिला प्रशासन से की है। बस्तर के किसान इन्द्रावती सूखने से परेशान आंदोलन पर उतर गए। इसके लिए बस्तर के सभी 7 ब्लाक के किसान खेतों में सिंचाई सुविधा बहाल कराने बस्तर जिला किसान संघर्ष समिति का गठन किया। मार्च माह में संघर्ष समिति के सैकड़ों किसान इन्द्रावती नदी से पानी बहाली के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर मार्ग पर घण्टों चक्काजाम कर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया।

- किसान संघर्ष समिति की पदयात्रा के 3 दिन पहले

बस्तर जिले के कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुम्हारवंड एनिकट के तीन गेट खोले गए जिससे 7 क्यूमेक्स जल इंद्रावती नदी में प्रवाहित हो रहा है। छोड़े गए जल से इंद्रावती नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज किया गया है। इंद्रावती नदी में जल प्रवाह में हुई वृद्धि के कारण गर्मी में भी एनिकटो में पर्याप्त जल भंडारण एवं कृषकों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए सिंचाई मंत्री के द्वारा विभाग को निर्देश दिए गए। इस बात की पुष्टि जल संसाधन विभाग के ईई वेद पांडे ने की है।



## पम्प हाउस की मोटर खराब, पेयजल सप्लाई बाधित

**जगदलपुर।** भीषण गर्मी में कालीपुर अटल आवास के ढाई सौ से अधिक परिवार के रहवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। बताया जा रहा है कि अटल आवास बोर पम्प का मोटर उड़ जाने से कालोनी में पानी सप्लाई पूरी तरह से बाधित है। अटल आवास के रहवासियों ने वार्ड पार्षद को इसकी जानकारी दी। जानकारी के बाद भी निगम पीएचई का तकनीकी स्टाफ स्थल पहुंच बिगड़े मोटर को दुरुस्त नहीं किए जाने से अटल आवास में पानी की आपूर्ति शुरू नही हो पाया। देर शाम तक कालोनी के लोग टैंकर आने की राह ताकते रहे,बावजूद निगम का पीएचई शाखा द्वारा जलापूर्ति की व्यवस्था नही कराई गई। दोपहर के बाद एक टैंकर भेजा गया जिसमें समस्याग्रस्त क्षेत्र के सभी रहवासियों को जलापूर्ति नही हो पाई। अटल आवास के श्याम, प्रवीर आदि ने बताया बुधवार की शाम तक पम्प से पानी की सप्लाई हो रही थी। गुरुवार को एकाएक मोटर जल जाने पानी आपूर्ति बाधित हुई है।



### बिगड़ी मोटर दुरुस्त की जाएगी

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की पार्षद पूनम सिन्हा ने बताया कालीपुर अटल आवास में मोटर खराब होने की सूचना उन्हें वार्डवासियों ने देर शाम तक नही दी। पम्प हाउस के कर्मचारी दोपहर 3 बजे चार मोटर में एक मोटर खराब होने की सूचना दी। मोटर अविलम्ब सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। पार्षद ने कहा अटल आवास में 4 मोटर है। एक मोटर खराब होने से समूचे कालोनी में जलापूर्ति बाधित नहीं होगी। अटल आवास ने पर्याप्त पानी की सुविधा है।




# मुस्लिम समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी वारदात के खिलाफ जगदलपुर मुस्लिम समाज ने आज बाद नमाजे जुमा मिताली चौक में बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों में आतंकवाद और आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ खासा रोष देखने को मिला। मुस्लिम समाज के लोग काफी देर तक मिताली चौक में आतंकवाद मुदार्बाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किए।

- मानवता को शर्मशार करने वाले आतंकी मुसलमान नहीं हो सकते : डॉ. जहिरुद्दीन

इस दौरान अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ जहिरुद्दीन शेख ने कहा जो आतंकी घटना पहलगाम में घटी है वो पूरी इंसानियत को चोट पहुंचाने वाली घटना हैं। ये भारत की एकता और अखंडता पर प्रहार करने के उद्देश्य से की गई वारदात है। मुस्लिम समाज आतंकवाद का पुरजोर विरोध करता है। इसे संरक्षण देने वाले देश के खिलाफ भारत सरकार से मांग करता है कि देश को खंडित करने और देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से की गई इस कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ कठोर कदम उठाए, उन्होंने कहा इस्लाम में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है मानवता को शर्मशार करने वाले आतंकी कतई मुसलमान नहीं हो सकते।

युवा जावेद खान ने कहा देश की पूरी मुस्लिम कौम आज इस आतंकी हमले के खिलाफ देश और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है,हम जान दे देंगे पर हमारे मुल्क हिन्दुस्तान पर आंच नहीं आने देंगे।

पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और सभी मेंबरों संहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया।

## राम दरबार, शनिदेव और पंचमुखी हनुमान मंदिर में शिलापूजन

**जगदलपुर।** श्री चैतन्य संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने बताया कि आज श्री बालाजी मंदिर के सामने श्री राम दरबार, शनिदेव और पंचमुखी हनुमान के मंदिर का शिलापूजन किया गया। कार्यक्रम में यजमान के रूप में सांसद महेश कश्यप, वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर पालिक निगम के महापौर संजय पांडे, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी, एमआईसी से निर्मल पाणिग्रही, पार्षद नरसिंह राव, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप, सुबीर नंदी, महेंद्रकांत संघाणी,



धरमचंद शर्मा, ब्रजेश सिंह भदौरिया, सोनू सिंह भदौरिया, संजीव कपूर, पुष्पा देवी अग्रवाल, बी जयराम, सरिता सोमानी, नगर के गणमान्य नागरिक, श्री चैतन्य संकीर्तन मंडल के सभी सदस्यों सहित मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। शशि कांत गौतम ने बताया सर्व प्रथम शिलापूजन का कार्यक्रम शुभ मुहूर्त में जितेंद्र, वी वासुदेव राव एवं रूपेश खत्री के मार्गदर्शन में किया गया।तत्पश्चात अतिथियों द्वारा राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### ट्रैक्टर और वेन की टक्कर में 4 घायल

**घाटलोहंगा।** बस्तर थाना क्षेत्र के घाटलोहंगा में शुक्रवार सुबह 8 से 9 बजे के बीच पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार वैन ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं, जबकि दो छोटे बच्चे सुरक्षित हैं।

एक महिला को भी हल्की चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 17 केवाय 8075 बस्तर से घाटलोहंगा की ओर जा रहा था और कृषि फार्म की गली में मुड़ने के लिए सड़क पार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार वैन क्रमांक सीजी 17 केवाय 3941 नियंत्रण खो बैठी और ट्रैक्टर से टकरा गई। वैन तारापुर का बताया जा रहा है। इसमें कुल 7 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोग घायल हुए हैं।

एक व्यक्ति का हाथ टूट गया, जबकि अन्य तीन को भी चोटें आई हैं। एक महिला को खरोंचें लगी हैं और दो छोटे बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## राजस्व सलाहकार समिति की बैठक में पार्षदों ने रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजस्व सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को नगर पालिक निगम जगदलपुर मे राजस्व सभापति कक्षा में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडो पर चर्चा हुई। बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में संपत्ति कर के मूल्यांकन,नजुल भूमि के चिन्हांकन के लिए योग्य अधिकारी की नियुक्ति, जनप्रतिनिधि, धार्मिक, सामाजिक,खेलकूद, शासकीय आयोजनो में लगे होर्डिंग, प्रिंटिंग दुकान से प्रति होर्डिंग दर तय एवं एक हफ्ते में हटाने के निर्देश, जलकर को लेकर सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा तीव्र गति से जल कर वसूलने के निर्देश, प्रधानमंत्री आवास, अटल आवास के संपत्ति कर वसूलने के लिए कर्मचारी की नियुक्ति पर विचार, चोटिल गोधन उनके तत्काल चिकित्सा एवं उपचार के लिए नगर निगम में हेल्प डेस्क खोलने की योजना, निकाय के निर्वाचित जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों के परिवार के विवाह एवं सामाजिक कार्य हेतु वीर सावरकर एवं टाउन हॉल के लिए प्रति समारोह दर तय करने जैसे निर्णय लिए गए।



**ये रहे उपस्थित :** बैठक में मुख्य रूप से पार्षद आलोक अवस्थी, पार्षद गिरिजा गुप्ता, पार्षद रोशन सिसोदिया, पार्षद दिलीप दास, पार्षद लोकेश चौधरी सहित राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव, लेखापाल अनिल पिल्लै,सहायक राजस्व अधिकारी राकेश यादव, राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप पाणिग्रही, सहायक राजस्व निरीक्षक चंदन सहित कर्मचारीगण उपस्थित है।

### मृत पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

बैठक की समाप्ति के पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमलों में मरने वाले पर्यटकों को 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संतृप्त परिवार के लिए संवेदना व्यक्त की गई। हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा यह राजस्व समिति नगर निगम की राजस्व नीतियों और कार्यों पर सलाह देती है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम की राजस्व आय को बढ़ाने और कर योग्य संपत्तियों के मूल्यांकन के बारे में निर्णय लिया जाता है। राजस्व सलाहकार समिति द्वारा लिए गए आज के निर्णय को महापौर परिषद में रखा जाएगा जहां अंतिम दिया जाएगा।

## रामप्रताप ने श्रम विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण के बाद गुरुवार को बस्तर जिले के प्रथम प्रवास के दौरान श्रम विभाग के विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सर्किट हाउस के सभाकक्ष में परिचय एवं समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने जिले में पदस्थ श्रम निरीक्षकों एवं श्रम संसाधन केन्द्र में पदस्थ कर्मचारियों से मण्डल अंतर्गत पंजीयन एवं संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन कर पात्र सभी व्यक्तियों को योजनाओं लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से सेचुरेशन करने के लिए नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किए जाने कहा। बैठक में अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने विकासखण्डवार तथा ग्रामवार श्रमिकों के शत प्रतिशत पंजीयन किये जाने हेतु तथा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित कराये जाने हेतु जिला स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान




श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक एवं श्रम संसाधन केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में अवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर श्रमिकों की ओर से आ रही मांगों एवं समस्याओं की जानकारी प्रस्तुत की गई।

### ये रहे उपस्थित

उक्त बैठक में अध्यक्ष के निज सचिव टीआर सोनटके, श्रम पदाधिकारी जगदलपुर भूपेन्द्र नायक, श्रम कल्याण अधिकारी रीतु सिंह खुड़श्याम सहित श्रम विभाग और मण्डल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रैली और रंगोली से लोगों को मलेरिया पर कर रहे हैं जागरुक

# मलेरिया उन्मूलन की नर्सिंग छात्राओं ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर बस्तर जिले के सभी सातों विकासखंडों के तहत कार्यशील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया के रोकथाम हेतु पोस्टर बैनर के साथ रैली और रंगोली के माध्यम से लोगों में मलेरिया के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। पूरे प्रदेश से वर्ष 2027 तक शून्य मलेरिया संक्रमण और 2030 तक मलेरिया का पूर्ण उन्मूलन करने की दिशा में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

ग्राम स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पोषण समिति एवं शहरी क्षेत्र में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित कर मलेरिया, डेंगू और फाइलेरिया के रोकथाम पर नियंत्रण की जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, विशेष अतिथि जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टेकाम, डॉ. सी. मैत्री और डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी उपस्थित वक्ताओं द्वारा मलेरिया से संबंधित सूक्ष्म जानकारी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा मलेरिया उन्मूलन के दिशा में जन जागरण हेतु एक रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों द्वारा मलेरिया के उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण भी किया गया।



जिला मलेरिया सलाहकार बसंत पंडा ने बताया कि छात्राओं की इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आए छात्राओं को जिला मलेरिया कार्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। मलेरिया दिवस के अवसर पर सभी विकासखंडों में मलेरिया कार्यक्रम से संबंधित जन जागरूकता हेतु पोस्टर और बैनर के साथ रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि शहरी क्षेत्र में भी शहर के डीपीएम पीडी बस्तिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी और नर्सिंग छात्रों द्वारा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजनों के लिए चार लाख की मदद मंजूर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा धनोरा तहसील के ग्राम पराली निवासी बुधराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता चौते, पिता मंगू को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय कार्यालय का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला कोषालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों व पंजियों और उनके संधारण का भौतिक सत्यापन किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में रखे सभी स्टाम्प एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का पंजी में दर्ज जानकारी का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी दस्तावेजों पंजियों का सुव्यवस्थित रखरखाव के साथ नियमित अद्यतन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रशेखर मेंढेकर और कोषालय के अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने हस्तशिल्प शोरूम का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव नगर के मर्दापाल चौक स्थित झिटकु मिटकी वन हस्तकला समिति एवं तहसील कार्यालय के पास संचालित हस्तशिल्प उद्योग सहकारी संस्था के शोरूम का निरीक्षण किया। उन्होंने शिल्पकला से संबंधित उत्पादों की बिक्री व्यवस्था की जानकारी ली तथा शोरूम परिसरों को सुव्यवस्थित बनाने एवं सुविधाओं में वृद्धि के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई एवं अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर



**कोण्डागांव।** आज राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव के द्वारा कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य समाज में विभिन्न पेशों वृत्तियों की गरीमा को सम्मान देना तथा नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा लोगो को वित्तीय रूप से सुरक्षित और सशक्त बनाने में मदद करता है। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर में जनसंवाद सत्र एवं निःशुल्क विधिक परामर्श जैसी गतिविधियां आयोजित की गई इस कार्यक्रम में छात्राएं बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिये। समाज के प्रत्येक वर्ग को हो विधिक जानकारी
इस अवसर पर सचिव महोदय ने बताया कि धन के प्रबंधन, बचत, निवेश और ऋण के बारे के संबंध में समाज के प्रत्येक वर्ग को विधिक जानकारी प्राप्त होनी चाहिए जिससे वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें और अन्याय के विरूद्ध आवाज उठा सके।

**बैठक : कार्यशील स्थिति की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने घरेलू नल कनेक्शन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र आरंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया। योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। समीक्षा के दौरान जल प्रबंधन में सामुदायिक सहभागिता से हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने सौर सुजला योजना की प्रगति और सोलर पंप स्थापना की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के ऐसे आश्रम, अस्पताल और शासकीय भवनों में, जहां सोलर पावर प्लांट स्थापित हैं, उनकी कार्यशील स्थिति की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि बिजली या लो–वोल्टेज की समस्या वाले क्षेत्रें में सौर ऊर्जा के उपयोग से कार्यों को पूरा किया जाए। विभाग के अधिकारी ने सौर सुजला योजना के बारे में बताया कि लक्ष्यानुसार हितग्राहियों का चयन पूर्ण हो चुका है और स्थापना कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही सोलर ड्यूल पंप, हाई मास्ट लाइट तथा अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बोर खुला न रहे, यह सुनिश्चित करें। बोर खनन के उपरांत आवश्यकतानुसार उन्हें बंद करें।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने धान उठाव के संदर्भ में ली समीक्षा बैठक

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिले की समितियों में शेष बचे धान के त्वरित उठाव को सुनिश्चित करने हेतु समिति प्रबंधकों और राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक के दौरान कलेक्टर ने समितिवार शेष धान की विस्तृत समीक्षा की और जहां अधिक धान शेष है उस समिति को प्राथमिकता के साथ हमालों की संख्या बढ़ाते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही राइस मिलर्स को भी समय पर वाहन भेजने के लिए कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी समितियों से शेष धान का पूर्ण रूप से उठाव सुनिश्चित करें।
**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर राइस मिलर्स और समिति प्रबंधकों से भी कलेक्टर ने समस्याएं सुनी। एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग के अधिकारी और राइस मिलर्स तथा समिति प्रबंधक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## नए शैक्षणिक सत्र में शाला प्रवेश उत्सव के संबंध में आवश्यक दिए निर्देश

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के कार्योंर् की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बेहतर अधोसंरचना और विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शाला त्यागी बच्चों की पहचान एवं पुनः प्रवेश के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली – उन्होंने जिले में स्कूल भवनों की स्थिति और शिक्षकों की उपलब्धता सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने



जिले में संचालित पीएम श्री स्कूलों की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज के आयोजन, पाठ्यपुस्तक, गणवेश और साइकिल वितरण की जानकारी ली।

बैठक में शाला त्यागी बच्चों की पहचान एवं पुनः प्रवेश के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रें बनाने के कार्य की समीक्षा भी की।

उपस्थित रहे ये – बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी इमल बघेल, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव एवं सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर पन्ना राशि ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालिकाएं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

■ अधिकारियों को हर कुपोषित बच्चे की निगरानी करने की दी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सुपोषण की स्थिति में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिले के अधिकारियों को एक एक बच्चे की निगरानी करने जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गरम भोजन का नियमित रूप से वितरण सुनिश्चित करने को भी कहा। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले की सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का समुचित लाभ मिले।

**विभागीय भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने पर जोर कलेक्टर** – उन्होंने विशेष चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने पर जोर दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति की भी जानकारी ली और सभी परियोजना अधिकारियों को भवन निर्माण कार्य के प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने किया लक्ष्य कोचिंग सेंटर का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय परिसर में संचालित लक्ष्य कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कोचिंग में अध्ययनरत युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही निरूशुल्क कोचिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए पूरे लगन से मेहनत करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

■ विद्यार्थियों ने कलेक्टर को अपनी विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की संख्या और दी जा रही कोचिंग के बारे में प्रशिक्षक से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने कलेक्टर को अपनी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। कलेक्टर ने कोचिंग सेंटर में पेयजल एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने परिसर को सुव्यवस्थित बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद** – इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं डीएमसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधीक्षण अभियंता ने किया संधारण व नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायपुर के अधीक्षण अभियंता अशोक देवांगन ने 20 अप्रैल को कोण्डागांव जिले में चल रहे नवीनीकरण व संधारण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की और सभी कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप व समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कोण्डागांव में जारी संधारण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने सड़कों के बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

अनियमित ठेकेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश – इस दौरान उपस्थित सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संधारण अवधि के भीतर कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए गए। उन्होंने नवीनीकरण कार्योंर् को भी समयबद्ध एवं मानक अनुरूप ढंग से पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया।



## पंचायती राज दिवस पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

**कोण्डागांव।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के मधुबनी से देश भर के लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज, समूह गतिविधियों और अन्य विषयों पर उद्बोधन दिया। इस दौरान अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ आज वर्चुअल माध्यम से किया गया।

■ पीएम मोदी ने दिया देशभर के लोगों को वर्चुअल संबोधन

इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायतों में महिला हितग्राहियों से चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बोलबोला में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। जिसके माध्यम से ग्रामीण जन अब उक्त सुविधा केंद्र के माध्यम से राशि आहरण सहित विभिन्न बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।



हमर गांव हमर पानी के तहत जल संरक्षण का संकल्प – ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा जनपद पंचायत कोण्डागांव में जल संरक्षण संकल्प लिया गया। गाँव के प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाया जाएगा, ताकि वर्षा जल व्यर्थ ना बहे, अपने गांव में एक एक पानी का बूंद मूल्यवान समझते हुए और जल के अपव्यय को रोकने हेतु जागरूक किया गया। ग्राम स्तर के पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं बावड़ी तालाब आदि की साफ सफाई और संरक्षण को अपना कर्तव्य मानते हुए सभी ग्रामीण जनों ने शपथ लिया।

# जिले की सभी पंचायतों में 26 से लगाई जाएगी जनचौपाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने हेतु कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन शुरू हो गया है। इसी क्रम में 26 अप्रैल को कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत मालाकोट, चिमड़ी, पदनार, बड़ेकुरूषनार, बड़े बंजोड़ा, मुलमुला, कुसमा, तोतर, बोलबोला, बनसिरसी, टेमरूगांव, पलारी, डोंगरीगुड़ा, पोलंग, झारा, निलजी, बोटीकनेरा, नरिहा, जोगीआलवाड़, जेरंग, उमरगांव अ, भीरागांव ब, सम्बलपुर, गिरोला, सुकुरपाल, बनियागांव, कुलझर, हंगवा, चिपावण्ड, चौड़ंग, मर्दापाल, चिखलपुटी, चलका, तोड़म, आदनार, कोकोड़ी, कमेला, कोरमेल, हथकली, कड़ेनार, सिंघनपुर, माकड़ी, करनपुर, लेमड़ी, खण्डाम, छोटे भिरावण्ड, नगरी, चिलपुटी, नाहकानार, बेलोण्डी, ओण्डारगांव, कोकोड़ी में जनचौपाल का आयोजन होगा।

इसी प्रकार माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत बरकई, देवगांव, तमरावण्ड, ठेमगांव, अमरावती, बीजापुर, अनतपुर, केरावाही, बालोण्ड, बुडरा, शामपुर, राकसबेड़ा, उड़िदगांव, बिंजोली, सोढ़सिवनी, ओटेण्डा, इंगरा, कावरा, काटागांव, बाडरा, गारे, तरईबेड़ा, करमरी, मगेदा एवं फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत फूपगांव, आलोर, बड़ेडोंगर, जामगांव, देवगांव, चांदाबेड़ा, बाड़ागांव, फूण्डेर, तोरण्ड, मोड़ेंगा, सिरसीकलार, झाटीबन, भण्डारसिवनी, बोरगांव, पूर्वी, चिंगनार, मोदे, चरकई, छिन्दलीबेड़ा, बानगांव, हिर्री, खण्डसरा, कोर्राबड़गांव, बंगोली, गट्टीपलना तथा केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत धनोरा, होनहेड़, खेतरपाल, बटराली, हिचका, बड़ेखौली, पलोरा, बिन्झे, नयानार, उन्दरी, आंवरी, एटेकोन्हाड़ी, ठाकुरपारा, बदवर, आंवराभाटा, टाटीरास, तोषकापाल, करमरी, माड़गांव, कुंए, खालेमुरवेण्ड सहित बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत खलारी, कोसमी, कोरगांव, रामपुर, कौंदकेरा, मचली, सलना, खजरावंड, आमगांव, कोपरा, माण्डोकी खरगांव, छिदंली, मारंगपुरी, बांसकोट, केरागांव, गम्हरी, जोड़ेकेरा, खरगांव, जिर्रापारा में जनचौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में लग रहे जनचौपाल

**कोण्डागांव।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने के लिए कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन प्रारंभ हो गया है। निर्धारित तिथियों के अनुसार आयोजित हो रहे जनचौपालों में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीण क्षेत्रें में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का आकलन कर रहे हैं। इस दौरान शासकीय भवनों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है तथा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने की स्थिति की जानकारी एकत्रित की जा रही है।



## स्टेट यूथ गेम्स में नारायणपूर के खिलाड़ियों ने गाड़े झंडे

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेयर्स स्टेट यूथ गेम्स का आयोजन रायपुर के अग्रवाल पब्लिक स्कूल नवा रायपुर में किया गया था यह खेल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा करवाया गया था जो खेल को आगे बढ़ाने के लिये खिलाड़ियों को सही मंच मिल सके इस टूनामेंट के स्टेट हेड संतोष निर्मलकर और नारायणपुर से कोच बलराम पूरी ने बताया की इस टूनामेंट में स्केटिंग, चैस , ताइक्वांडो, क्रिकेट, योगा, कराते, का खेल सम्पन हुआ जिसमे पुरे छत्तीसगढ़ राज्य से 480 खिलाड़ियों ने भाग लिया नारायणपुर से 26 खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो और स्केटिंग के इस टूनामेंट में भाग लेकर अपने शहर का नाम रोशन किया। यश बनर्जी सिल्वर मेडल, शौर्य साहू सिल्वर मेडल, आयुष सिंह सिल्वर,आयरा गोल्ड मेडल, प्रिशा सिल्वर मेडल, मेहुल दुग्गा गोल्ड मेडल, अर्पण सिंह सिल्वर मेडल, लिशांत नाग गोल्ड मेडल, एजेंद्र नाग सिल्वर मेडल, हुनर कश्यप गोल्ड मेडल, तन्वी गोल्ड मेडल, श्रेया सोनी गोल्ड मेडल, शिवम्‌ नांदरे गोल्ड मेडल, श्रेयांश भगत सिल्वर मेडल, चंद्रकांत कश्यप सिल्वर मेडल, अंजली कांगे गोल्ड मेडल, कारण मंडावी सिल्वर मेडल, एवं स्केटिंग में तन्मय गोल्ड मेडल, अर्चना सेन गोल्ड मेडल, अनुराग नान्द्रे ब्राउनस मेडल




विजेता रहे। साथ ही समर केम्प भी लगाया लगया गया है, जिसमें बच्चे उत्सुकता के साथ ट्रेनिंग ले रहे है। जिसमें अभी तक इस खेल में कुल 522 मेडल प्राप्त कर चुके है सभी खिलाड़ियों को विश्वदीप्ति के प्राचार्य जोमोन टीडी, जगजीवन साहू अभिभावक एवं शहर वासियो ने बधाई दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहंडीगुड़ा के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202504151000055**

**मामले की श्रेणी : -राजस्व**
विषय :-ब-121 सन्:-2024-2025
मटनार प.ह.न.00007 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-मोहन,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन पिता श्याम सुन्दर जति मुरिया ग्राम मटनार लोहंडीगड़ा जिला बस्तर द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने स्वयं मोहन पिता श्याम सुन्दर का जन्म दिनांक 02/06/1996 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी दिनांक 29/04/2025 को नियत किया गया है। यह उदघोषणा ग्राम पंचायत मटनार के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है तो वह उदघोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।


मुहर

कैलाश पोयाम
तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कैदियों ने जाना अगरबत्ती बनाना



**जगदलपुर।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर के द्वारा केन्द्रीय जेल में पिछले दिनों अगरबती निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जेल अधीक्षक आरद्व आरद्व रय एवं आरसेटी संचालक किरण कुमार लुगुन के मदद से 35 कैदियों और विचाराधीन बंदियों को 12 दिवसीय अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप जेल अधीक्षक एसद्व एनद्वनायक महिला प्रहरी नंदनी पाल मौजूद थे संस्थान की और से प्रशिक्षक सरोज साहू एवं संस्था के संकाय सदस्य रूमा रय की उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थीयों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### सिन्धी पंचायत सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** सिंधु भवन में पूज्य सिन्धी पंचायत सदस्यों ने गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान हमले को बर्बर कृत्य बताया गया। पूज्य सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी एवं सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रधांजलि दी।

### बैठक में शिक्षकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**जगदलपुर।** माध्यमिक शाला करनपुर मे संकुल करनपुर, नगरनार अंतर्गत समस्त प्रा.शा., मा.शा. के शिक्षकों का मासिक बैठक व नवीन सहायक शिक्षकों का संकुल परिवार मे स्वागत किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा समर क्लास, विनोबा ऐप की विस्तृत जानकारी, आईपीआर एंट्री, सुशासन तिहार और शाला मे बच्चों के ठहराव, गुणवत्ता और आगामी सत्र की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। संकुल बैठक मे शिक्षक देवदास कश्यप, प्रताप सिंह जुर्री, पी वेंकतेश्वर राव, तुलसीराम नाग के अनुभव का नए शिक्षको को मार्गदर्शन सह दिशानिर्देश प्राप्त हुए। संकुल समन्वयक नगरनार उमेश कश्यप और संकुल समन्यवयक करनपुर गजेंद्र कुमार नाग की उपस्थिति मे बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षको को आगामी कार्ययोजना के संबंध मे विस्तृत दिशा निर्देश दिये गए।

### साहू समाज ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती

**जगदलपुर।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के द्वारा दानवीर भामाशाह जी की जयंती पर्व गुरुवार को उल्लास के साथ मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक बंधुओ ने भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दानवीर भामाशाह जी तेली -साहू परिवार में जन्मे राणा सांगा के शासन में अपनी सेवा दी थी।

## निर्माण कार्यों की समयसीमा और गुणवत्ता को सर्वोपरि रखें : कलेक्टर

# शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों से अध्ययन व शिक्षकों से अध्यापन की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जावंगा स्थित एजुकेशन सिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल, बालक छात्रावास, पॉलिटेक्निक संस्थान, नवगुरुकुल तथा सक्षम छात्रावास का निरीक्षण किया।

■ सुविधाओं में बढ़ोत्तरी एवं व्यवस्थाओं को बेहत्तर करने के उपायों पर की चर्चा



इस क्रम में कलेक्टर आस्था विद्या मंदिर पहुंचकर उसके समस्त कक्षों जैसे लाईब्रेरी, कम्प्युटर लैब और संगीत कक्ष सहित अन्य अध्ययन क्लास रूमों का निरीक्षण करते हुए छात्रों के बैठने की व्यवस्था कम्प्युटर लैब में आवशयक उपकरणों की उपलब्धता लाइब्रेरी में पुस्तकों के रख-रखाव तथा अन्य रजिस्टरों के संधारणों के बारे में जानकारी ली और अन्य आवश्यकताओं के बारे में शाला के प्राचार्य से पूछा। तत्पश्चात उन्होंने बालक छात्रावास में जाकर छात्रों से उनके पढ़ाई के शेड्यूल, रहने एवं खाने की गुणवत्ता को लेकर छात्रों से संवाद किया। इसी प्रकार एकलव्य परिसर के छात्रों से भी उन्होंने उनकी खेल गतिविधियों के बारे में जानकार उन्हें इस दिशा में बेहत्तर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस क्रम में एजुकेषन सिटी स्थित पॉलिटेक्निक संस्थान में इलेक्ट्रिक प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्रों से उन्होंने कहा कि वे अपनी कम्युनिकेशन स्किल को बेहत्तर बनायें साथ ही पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अध्ययन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने शिक्षकों से निःसंकोच चर्चा करें। इसके साथ ही उन्होंने यहां इलेक्ट्रिक मशीन लेब मैकेनिक लैब, वेल्डिंग शॉप, कारपेंटर फिटिंग वर्कशॉप को भी देखा। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा संरक्षण विषय पर पढ़ाये जा रहे छात्रों से चर्चा करके उनसे गैर परम्परागत एवं परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के बारे में व्याख्या करने को कहा और एक छात्रा द्वारा सही उत्तर देने पर उसे शाबासी दी।

तत्पश्चात कलेक्टर ने इसी परिसर में स्थित नवगुरूकुल में पहुंचकर कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस स्किल्स की ट्रेनिंगरत छात्रों से चर्चा किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा की अभिनव पहल पर नवगुरुकुल फाउंडेशन के द्वारा जिले के युवाओं के लिए बिजनेस स्किल्स में दक्ष बनाने के लिए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। इस 18 से 21 महीने का आवासीय प्रशिक्षण के तहत छात्रों को फ्री कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस स्किल्स की ट्रेनिंग, फ्री हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और भोजन पूरी तरह से आवासीय और जॉब-ओरिएंटेड कोर्स की सुविधा दी जा रही है। कलेक्टर श्री दुदावत ने नवगुरुकुल में चल रहे स्किल डेवेलपमेंट प्रोग्राम्स की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनने के लिए इन अवसरों का पूरा लाभ उठाएं। इस मौके पर यहां के प्रशिक्षनार्थी सनकूराम और देवेन्द्र साहू के ई-कामर्स पर आधारित प्रोजेक्ट की कलेक्टर ने तहे दिल से तारीफ किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सक्षम विद्यालय के भवन के छात्रावास को देखकर कुछ तकनीकी खामियों पर भी चिंता व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।

इस दौरान कलेक्टर ने एकलव्य खेल परिसर में स्थित जिला प्रषासन द्वारा छात्रों के लिए प्रारंभ किये गये घुड़सवारी स्किल को भी देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अलावा इसी परिसर में बनाये जा रहे निर्माणाधीन ट्रैक एवं वाटिका के निर्माण कार्य के लिए एजेसिंयों को 15 दिवस के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देष दिये। इसी प्रकार यहां निर्माणाधीन क्रिकेट ग्राउण्ड को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। अपने निरीक्षण दौरे के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने विकासखण्ड गीदम अंतर्गत अन्य निर्माणाधीन कार्य जैसे ग्राम छिन्दनार का खेल मैदान, बारसूर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी देखकर गुणवत्तासहित तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, एसडीओ विवेक चन्द्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## चिकित्सा प्रदत सेवाओं एवं प्रबंधन चिकित्सा स्टॉफ की पहली जिम्मेदारी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज गीदम मुख्यालय स्थित 50 सीटर मातृ-शिशु अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर का मुआयना किया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने मरीजों हेतु ऑनलाईन पर्ची काउन्टर तथा उसके वितरण एवं निःशुल्क औषधियों के भण्डारण तथा आयुष्मान पंजीयन की अद्यतन जानकारी चाही।

कलेक्टर ने यहां चिकित्सकों को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए चिकित्सालय के मुख्य द्वार में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिये शीतल पेयजल तथा ओआरएस की पैकेट रखना सुनिश्चत करें। इसके अलावा उन्होंने ट्रामा सेंटर की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए ''मेडिकल वेस्टेज'' को सही तरीके से पृथक-पृथक डिब्बों में रखकर डिस्पोज करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मरीजों के बिस्तरों में बिछाये जाने वाले चादर, तकिया, गिलाफ नियमित रूप से बदले जाएं। इस दौरान उन्होंने भर्ती हुए मरीजों से उनके उपचार तथा दिये जाने वाले निःशुल्क भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली, साथ ही चिकित्सकों को निर्देशित किया कि चिकित्सा प्रदत सेवाओं एवं प्रबंधन चिकित्सा स्टॉफ की पहली जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

अगर कहीं अव्यवस्था है भी तो तत्काल उसका निदान निकालें, साथ ही उन्होंने शासन की महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने वाले पोस्टरों को भी चिकित्सालय परिसर में चस्पा करने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर ने जनरल वार्ड, सर्जिकल वार्ड तथा लेबर रूम की व्यवस्थाओं को देखा और मरीजों से उनकी कुषलक्षेम पूछा। इस मौके पर सीईओ जिपं जयंत नाहटा, एसडीओ विवेक चन्द्रा, सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके सहित अन्य चिकित्सा स्टॉफ मौजूद थे।

## इंद्रावती बचाओ आंदोलन को मिल रहा अनेक संघ, संगठनों का समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंद्रावती नदी बचाओ किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बस्तर के सभी राजनीतिक पार्टियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान को समर्थन देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कोई दलगत आंदोलन नहीं, बल्कि बस्तर की जीवनरेखा इंद्रावती और किसानों के अस्तित्व से जुड़ा संघर्ष है। कश्यप ने कहा कि जल संकट और सिंचाई की बदहाली ने हजारों किसानों को नुकसान पहुंचाया है, लेकिन प्रशासन अब तक मूकदर्शक बना हुआ है। क्षतिग्रस्त एनीकेट की मरम्मत, बर्बाद फसलों का मुआवजा और केसीसी ऋण माफी जैसे मुद्दों पर सभी दलों को एक साथ आकर आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे राजनीतिक मतभेद भूलकर इस यात्रा में शामिल हों और किसानों की आवाज बनें। इंद्रावती बचेगी, तभी बस्तर बचेगा, यही हमारा संकल्प है। पदयात्रा को धुरवा समाज, सर्व आदिवासी सामज और ग्राम सभा संघ ने सर्मथन दिया। कांग्रेस पार्टी पहले ही समर्थन कर

## राष्ट्रीय उद्यान को विश्व धरोहर घोषित कराने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जिसे हाल ही में यूनेस्को की विश्व धरोहर नामांकन हेतु भारत की अस्थायी सूची में 11 फरवरी को शामिल किया गया है। उस पर आगामी प्रक्रिया की चर्चा के लिए शुक्रवार को शहर के मुख्य वन संरक्षक कार्यालय सम्मेलन कक्ष में एक परामर्शदात्री बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह, एसडीओ कमल तिवारी, योगेश कुमार रात्रे आदि शामिल रहे।



### फड़ों में संग्राहकों का हुआ स्वागत

जगदलपुर। बस्तर जिले के मारडूम समिति और घोटिया समिति में शुक्रवार से तेंदूपत्ता आना शुरू हो गया है। फड़ों पर संग्राहकों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। मौके पर स्थानीय जनपद सदस्य, सरपंच, प्रबंधक, पोसक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक, फड़ मुंशी, संग्राहक गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तितिरगांव आत्मानंद विद्यालय का 9वीं का 79 और 11वीं का 94.4 प्रतिशत परिणाम रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव का 25 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम प्राचार्य वंदना भदोरिया ने समस्त छात्रों तथा शिक्षकों की उपस्थिति में घोषित किया। जिसमें कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत तथा 11वीं का परीक्षा परिणाम 94.4 प्रतिशत रहा। स्थानीय परीक्षा प्रभारी बेबी रानी महापात्र एवं निशा गौतम ने बताया कि कक्षा नवमी में कुल 100 छात्र/छात्रा में से 79 छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें 24 प्रथम श्रेणी, 41 द्वितीय श्रेणी ,14 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। 04 छात्रों को पूरक दिया गया है। कक्षा नवमी की संपूर्ण कक्षा में 81.6 प्रतिशत कुमारी दीपिका ठाकुर प्रथम स्थान पर रही । 79.5 प्रतिशत कुमारी दिव्या कश्यप द्वितीय स्थान पर तथा 78 प्रतिशत के साथ कुमारी पूनम पटेल तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में कुल दर्ज 64 छात्र-छात्रा में से 51 छात्र उत्तीर्ण हुए। जिसमें कला संकाय में प्रथम श्रेणी 8, द्वितीय श्रेणी 5 तथा तृतीय श्रेणी 1 छात्र रहे।

## नियुक्ति व न्यायिक आचरण की निगरानी की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की सभी जिला इकाई द्वारा गुरुवार को कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायमूर्ति सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली को यह प्रस्ताव प्रेषित कर उस पर अग्रिम कार्यवाही की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर सीआर बघेल को ज्ञापन सौंपा गया है। अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई के द्वारा ज्ञापन के साथ अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के पद द्वारा 12 अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति अंग्रेजी भाषा में एवं उसका हिंदी भाषा में अनुवाद की एक कापी सौंपी गई है तथा कलेक्टर से अग्रिम कार्यवाही हेतु निवेदन किया है। झरना बांगर जिला मंत्री अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने उच्च न्याय पालिका में हाल ही में हुई घटनाओं के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण व्यक्तियों से बातचीत की और उच्च न्यायालयों तथा जिला स्तर के अधिवक्ताओं से फीड बैंक प्राप्त करने के पश्चात अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जो 12 एवं 13 अप्रैल को विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश) में हुई थी। बैठक में नियुक्ति और न्यायिक आचरण की निगरानी की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कानून लाने और स्वतंत्र न्याय पालिका की जवाबदेही पर प्रस्ताव पारित किया है।

## पृथ्वी का संरक्षण करना हम सबका दायित्व : मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विचार उद्बोधन, क्विज, स्किट और पोस्टर मेंकिंग जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विज्ञान अध्ययनशाला द्वारा आयोजित लघु नाट्य में विद्यार्थियो ने प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या को उजागर किया साथ ही पेड़ लगाए और पृथ्वी बचाएं जैसे संदेश दिए। भूगर्भ अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने बस्तर क्षेत्र के खनिज पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई। विचार उद्बोधन कार्यक्रम में रसायन विज्ञान के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है। इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। पृथ्वी की समस्या बनी है। हम इस दिवस पर पृथ्वी और पर्यावरण की समस्या के प्रति जागरूकता लाने का कार्य करते हैं। प्राणीशास्त्र के प्रभारी विभागाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने ग्लोबल वार्मिंग एवं सौर उर्जा के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण समस्या के निराकरण के लिए ग्रीन एनर्जी और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। आईआईसी क्वार्टर तीन और पीएम उषा मेरू कम्पोनेंट के तहत आयोजित इस आयोजन में डॉ सुषमा सिंह, डॉ सोहन लाल, डॉ. प्रिंस जैन, सेमंत बघेल, खिरेंद्र ठाकुर, अनुभा डे विश्वास, भूमिका साहू, दुर्गा साहू, कीर्ति सिंह, यामिनी जोशी, संजय पांडेय, रूचि तिवारी एवं लाईफ साइंस, माईक्रोबॉयोलॉजी, गणित, भौतिकी, रसायन अध्ययनशाला के विद्यार्थी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बुढा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## बिजनेस की सफलता के लिए को-फाउंडर का सपोर्ट जरूरी: पिल्लई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मंगलवार को 'द एन्टरप्रयोनरियल एजः रीयल स्टोरी रीयल सक्सेस नाम से मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान एके फूड्स की संस्थापक डॉ.

■ एमबीए अध्ययनशाला का मोटिवेशनल सत्र का आयोजन



अरूणा पिल्लई ने अपने बिजनेस जीवन की चुनौतियों और सफलता की कहानियों से विद्यार्थियों को रूबरू कराया और उन्हें व्यवसाय क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया।

चीफ स्पीकर डॉ. पिल्लई ने कहा कि स्टार्टअप या बिजनेस प्रारंभ करने के लिए एक को-फाउंडर का सहयोग लेना महत्वपूर्ण होता है जो आपके बिजनेस आईडिया को समझे और आपको सपोर्ट करे। डॉ. पिल्लई ने कहा कि आपको अपनी आईडिया पर विश्वास होना चाहिए। लोग आपके आईडिया पर क्या कह रहे हैं उस पर ध्यान न दें। आप अपने काम के प्रति ईमानदार रहें। जब आप कुछ नई शुरूआत कर रहे हैं तो हमेशा छोटे पैमाने पर सोचें। बिजनेस में हर चीज का ज्ञान शुरू में होना संभव नहीं है। सबकुछ धीरे-धीरे पता चलता है। बिजनेस में सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। सफलता एक दिन का काम नहीं है। जैसे एक के बाद एक ईंट लगाने के बाद दीवार बनती है उसी तरह उद्यमिता के क्षेत्र में छोटी शुरूआत से कार्य प्रारंभ करनी चाहिए।

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की जितनी जनसंख्या है उसके अनुपात में नौकरी नहीं है। इसके लिए स्टार्टअप और बिजने के क्षेत्र में कदम बढ़ाना जरूरी है। विद्यार्थियों को बिजनेस और स्टार्टअप में भी एआई के प्रयोग सीखना चाहिए। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से जब आप बिजनेस क्षेत्र के रीयल स्टोरी सुनेंगे तो आप उनके अनुसार सोचने और करने को प्रेरित होंगे। बस्तर के युवाओं में एकाग्रता अद्वितीय है जो एक स्टार्टअप और बिजनेस मैन बनने की जरूरी योग्यता है।

आईआईसी के संयोजक डॉ सजीवन कुमार ने अपने स्वागत स्वागत उद्बोधन में कहा कि बिजनेस से जुड़े लोगों का रीयल लाईफ जानना जरूरी है। हम उनके संघर्षो से प्रेरणा ले सकेंगे। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि देवांगन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विवि के विद्यार्थियों को क्लासरूम लर्निंग रीयल वर्ड में प्रैक्टिकल एप्लीकेशन सिखाना है। उनमें नई सोच और क्षमता का विकास करना है ताकि वे स्वरोजगार के नए आयाम को छू सकें। इस दौरान डॉ तुलिका शर्मा, ऐश्वर्या साव, कोमल श्रद्धा बेंजमिन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

स्वामी जी-93406-38894
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)